पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश

राज्यपाल ने कोरोना मरीजों के उपचार एवं टीकारण की जानकारी ली

कोविड दवाओं की कालाबाजारी हर हाल में रोकी जाय

कोरोना पर काबू पाने के लिये अफसरों की टीम गठित की जाय

लखनऊ : 19 अप्रैल, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने प्रदेश में बढ़ते कोरोना संकट के कारण आज गोरखपुर, झाँसी, मेरठ तथा वाराणसी के जिलाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर जिले में चल रहे कोरोना मरीजों के उपचार तथा टीकाकरण की जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल ने कहा कि कोरोना उपचार में प्रयोग होने वाले रेमेडीसविर इंजेक्शन की कालाबाजारी रोकने के सभी उपाय किए जाने चाहिए तथा दवाओं का उपयोग डॉक्टर की संस्तुति के आधार पर किया जाये। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में ऑक्सीजन की सप्लाई में किसी प्रकार कमी न हो तथा जहाँ पर वेंटीलेटर की जरूरत है वहाँ तत्काल उपलब्धता सुनिश्चित की जाय।

राज्यपाल ने जिलाधिकारियों से अपील की कि अस्पतालों में दवाओं की कमी न हो, उनकी उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित की जाय। मास्क के अनिवार्य उपयोग को सख्ती से लागू करे तथा कोई भी व्यक्ति बिना मास्क के घर से बाहर न निकले। इसके साथ ही कोविड टीकाकरण के प्रति लोगों को जागरूक करे ताकि अधिक से अधिक लोगों का टीकाकरण कराया जा सके और इस कार्य मे विश्वविद्यालयों की भी मदद ली जा सकती है। उन्होंने सुझाव दिया कि हालात को संभालने के लिये अफसरों की टीम गठित की जा सकती है जो कोविड नियंत्रण की व्यवस्थाओं पर नजर रख सकेगी।

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन(206/18)